>

Title : Regarding poor quality of Coal supplied to Thermal Powar plants in Maharashtra.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): सभापति महोदय, हमारे महाराष्ट्र में करीब आठ थर्मल पावर प्लान्ट्स ऐसे हैं, जो कोयला बेस्ड हैं। उनके यहां कोल इंडिया द्वारा कोयले की आपूर्ति होती है। पिछले माह सभी पावर प्लान्ट्स में खराब और कीचड़ से लदा हुआ कोयला आने की वजह से बिजली के जनरेशन पर भारी असर पड़ा है। वहां अभी चालीस प्रतिशत बिजली का निर्माण हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार और विशेषकर कोयला मंत्रालय से विनती करूंगा कि जो कोयला वहां कोल इंडिया की डब्ल्यूसीएल इकाई द्वारा सप्लाई होता है, वहां वर्तमान में जितने भी रैक्स जा रहे हैं, सब गीले और कीचड़ में सने कोयले के कारण रैक्स भी खाली नहीं हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां कितना खराब कोयला जा रहा है। इस वजह से महाराष्ट्र सरकार ने वहां बिजली के पावर प्लान्ट्स में कोयले की जगह ऑयल का उपयोग किया और ऑयल जलाने की वजह से बिजली का उत्पादन महंगा हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि अच्छा कोयला सप्लाई करने हेतु वहां पर कोल इंडिया या कोल इंडिया की इकाई डब्ल्यूसीएल को निर्देश दें। इसके अलावा वहां ऐसे कोयले की सप्लाई क्यों हो रही है, इसकी जांच करने हेतु एक जांच दल भेजा जाए, ताकि भविष्य में महाराष्ट्र में जहां पहले ही छः हजार मेगावाट बिजली की कमी है, वहां ऐसे खराब कोयले की आपूर्ति के कारण बिजली के उत्पादन पर भारी असर हुआ है, जिसके कारण वहां की जनता और उद्योग प्रभावित हुए हैं। मेरी आपसे मांग है कि इस पर सरकार तुंत ध्यान दे। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again tomorrow, 31st August, 2010 at 11 a.m.

19.27 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Tuesday, August 31, 2010/Bhadrapada 9, 1932 (Saka)

---

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded